अग्रवाल कालेज बल्लबगढ

रक्तदान शिविर (03.11.2015)

अग्रवाल कालेज (संभाग द्वितीय) व भारत विकास परिषद के सहयोग से दिनांक 03.11.2015 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। अग्रवाल कालेज प्रबंधन समिति के प्रधान श्री देवेन्द्र गुप्ता जी ने दीपशिखा प्रज्ज्वलित करके शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष डॉ0 वासुदेव गुप्ता, अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के सदस्य श्री दिनेश गुप्ता, भारत विकास परिषद के सर्व श्री राजकुमार अग्रवाल, अशोक गोयल, सुनील गर्ग, अरुण शर्राफ, कालेज प्राचार्य डॉ कृष्ण कान्त गुप्ता, द्वितीय संभाग की प्रभारी डॉ0 ऊषा अग्रवाल व अग्रवाल कालेज ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ0 सुबेश पाण्डे भी उपस्थित थे। द्वितीय संभाग में कार्यरत सभी प्रवक्ता व सभी कर्मचारियों ने रक्तदान के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। शिविर में महाविद्यालय के एन.एस.एस., एन.सी.सी., खेल विभाग एवं अन्य छात्रों ने रक्तदान किया। इसमें 130 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। भारत विकास परिषद द्वारा रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र, पुरस्कार व फल वितरित किए गए। इस कार्यक्रम के संयोजक एन.एस.एस.यूनिट.1 कार्यक्रम अधिकारी श्री रविन्द्र जैन थे। प्रभारी महोदया ने शिविर के सफल आयोजन पर रक्तदाताओं व स्टाफ को शुभकामनाएं दी।